शांति की लहर फैलाई ग्लोबल फेस्टीवल ने

ब्रह्माकुमारीज.द्वारा डी ए वी कॉलेज में आयोजित ग्लोबल फेस्टीवल में हजारों की संख्या में जनसमुह ने शांति का अनुभव किया।कार्यक्रम के **मुख्य अतिथि एस.डी.एम.भुपिंद्र मोहन सिंह जी** ने कहा कि आज के समाज में जबकि हिंसा और जुर्म बढ़ते जा रहे हैं और इंसान जानवर बन चुका है,ब्रह्माकुमारीज.द्वारा विश्व में शांति का संदेश फैलाने का कर्तव्य सरहानीय हैं।उन्होनें कहा कि परमात्म शक्ति एवं वरदानों की प्राप्ति नामक वैश्विक उत्सव में उन्होनें आज सच्ची शांति का अनुभव किया और स्व के सत्य अस्तित्व को पहचान कर अपनी आध्यात्मिक शक्तियों को जागृत करने की प्रेरणा प्राप्त की।भविष्य में भी इस विद्यालय की सेवाओं में अपना योगदान देने की इच्छा व्यक्त की।

मुख्यवक्ता चण्डीगढ़ से आए **ब्रह्माकुमार अमीरचंद जी** ने सभा को संभोधित करते हुए कहा कि पहले लोगों के अंदर प्रेम,एक दो को सहयोग देने की,निस्वार्थ भावना होती थी परंतु आज हमारे समाज में मूल्यों में गिरावट आ चुकी हैं ,हमारा समाज घुटन महसुस कर रहा हैं।हमारे विचारों का प्रभाव हमारे शरीर पर भी पड़ता हैं,आज व्यक्ति के विचार नकारात्मक होने के कारण रोग भी बढ़ते जा रहे हैं।आज भौतिक साधन चाहे बढ़ रहे हैं परंतु मनुष्य की शांति खो गई हैं,उसके घर में कई सैट आ गये हैं परंतु वह खुद अपसेट हैं,राजयोग मेडिटेशन के द्वारा ही हम सच्ची शांति का अनुभव कर सकते हैं।

फरीदकोट से पधारी **ब्रह्माकुमारी प्रेम दीदी जी** ने कहा कि धन और बुद्धि की शक्ति से भी बढ़कर शांति की शक्ति हैं।जैसे शारिरीक शक्ति कम होने से मनुष्य जल्दी रोगों का शिकार हो जाता हैं ऐसे ही अगर आत्मा के अंदर शांति की शक्ति कम होती हैं तो व्यक्ति जीवन में आने वाली परिस्थियों का सामना नहीं कर पाता।उन्होनें कहा कि जीवन में चार बातें धारण करनी चाहिए,एक कांटे के समान बोल न बोलें,दूसरा बदले की भावना न हो,तीसरा सब को सुख दें जैसे अगरबत्ती खुद जलकर दूसरों को खुशबु देती हैं,चौथा सदा खुश रहें जैसे खिला हुआ फूल होता है।

सभी को शांति का अनुभव कराने हेतू एवं परमात्मा से संबंध जोड़कर उनसे वरदान और शक्ति प्राप्त करने के लिए मानसा से **ब्रह्माकुमारी सुदेश दीदी** जी ने सभी को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करवाया।

प्रोजेक्टर पर विडियो द्वारा संस्था की मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी एवं अतिरिवत मुख्य प्रशासिका दादी गुल्जार जी का संदेश दिखाया गया।

डी एस पी जगजीत सिंह भगताना ने संस्था के मुख्यालय माऊंट आबू की अपनी यात्रा का अनुभव सुनाया।

आस पास के कई स्थानों से आई ब्रह्माकुमारी बहनों ने एवं मंचासीन सभी मेहमानों ने दीप प्रज्जवलित कर सभी को अपने अंदर ज्ञान की ज्योत जगा विश्व में शांति लाने का संदेश दिया।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें स्वागत नृत्य,देश भक्ति के गीतों पर नृत्य ,नाटक राम मिलाई जोड़ी इत्यादि द्वारा कार्यक्रम में सभी का मनोरंजन किया गया।चण्डीगढ़ से आए गायक जय गोपाल लुथरा जी ने अपने आध्यात्मिक गीतों द्वारा वातावरण में प्रभु प्रेम की लहर फैला दी।

आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत स्थानीय सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी शीला बहन ने किया।कार्यक्रम का सुंदर संचालन संस्था के युवा प्रभाग के क्षेत्रिय संचालक ब्रह्माकुमार अरुण जी ने किया।

कार्यक्रम में पंजाब कांग्रेस कमेटी के उप प्रधान रघुवीर सिंह जी,डा.वरिंदर गोयल जी,राजनैतिक गिरधारी जी एवं शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित ये।